# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0
## ज्योलीकोट (नैनीताल)

Email ID :- eepmgsyjeyolikot@rediffmail.com / ntl.pmgsy@gmail.com दूरभाष नं0 / फैक्स नं0 :– 05942–224034


पत्रांक : 309 /वनभूमि दिनांकः 04/07/17
2017

सेवा में

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल

विषयः– प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अर्न्तगत जनपद नैनीताल में लोहाली से थुवाब्लॉक मोटर मार्ग के निर्माण हे 4.9875 है0 वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध मे।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 3517 / 13–2 (1) दिनांक 29.06.2017।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मानको के अनुसार लक्षित ग्राम थुवा ब्लॉक को मोटर मार्ग से संयोजन करने हेतु वैकल्पिक समरेखण पर विचार किया जाता है तो वैकल्पिक समरेखण हेतु अधिक मात्रा में लगभग कुल 810 वृक्ष प्रभावित होंगे। जिसमें संरक्षित प्रजाति के लगभग 510 वृक्ष प्रभावित एंव आरक्षित वन भूमि बड़ने की पूर्ण सम्भावना है।

वनभूमि प्रस्ताव संख्या FP / UK / ROAD / 23279 / 2016 के अन्तर्गत आनलाईन किया गया प्रस्ताव का समरेखण न्यूनतम क्षति को ध्यान में रखते हुए संयुक्त निरीक्षण मे समस्त सहमति के पश्चात् वनभूमि प्रस्ताव आनलाईन किया गया है। उक्त ऑनलाईन प्रस्ताव में न्यूनतम 115 नम्बर बॉज के वृक्ष प्रत्यक्ष रुप से एंव (0– 10), (10– 20) व्यास वर्ग के न्यूनतम 323 वृक्ष अप्रत्यक्ष रुप से इस प्रकार कुल 438–323 = 115 वृक्ष प्रभावित हो रहे है। इसके अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक समरेखणो पर विचार किया जाता है तो वन सम्पदा के अत्यधिक क्षति होने की पूर्ण सम्भावना है।

सुदुरवर्ती ग्रम थुवा ब्लॉक की भौगोलिक स्थिति आरक्षित वनक्षेत्र से घिरी होने के कारण वर्तमान में मोटर मार्ग से वंचित है। क्षेत्र की समस्या को देखते हुए उक्त प्रकरण भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करे।

भवदीय

(पी0सी0 जोशी)
अधिशासी अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)